# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / एफ / प्रशा / प्रवेश / 2026 / 2333 दिनांक 14/07/26

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक
अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषयः**–भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत त्रैमासिक कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों का संचालन के संबंध में।

**संदर्भः**–कमांक 990 / 191 / आउशि / अकादमी / 2026, भोपाल दिनांक 07.07.2026

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि डॉ0 मनोज कुमार सिंह विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश सतपुडा भवन भोपाल के द्वारा प्रेषित संलग्न प्रपत्र अनुसार भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत त्रैमासिक कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों का संचालन घोषित कैलेण्डर के अनुसार सुनिश्चित किया जाए तथा आयोजित गतिविधियों से संबंधित जानकारी का प्रतिवेदन, छायाप्रति, समाचार पत्रों की कटिंग प्रति त्रैमासिक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा की अकादमिक–शाखा के ई–मेल academy-he@.mpgov.in पर प्रेषित कर सुनिश्चित किया जाए।

**(माननीय कुलगुरू द्वारा अनुमोदित)**

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :–**

1. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. प्रभारी आई0टी0 सेल की ओर इस आशय के साथ पत्र प्रेषित है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करें।

**सहा0–कुलसचिव (प्रशा0)**

# भारतीय ज्ञान परम्परा : गतिविधि -- त्रैमासिक कैलेण्डर
## जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2026

| माह जुलाई | माह अगस्त | | माह सितम्बर |
|---|---|---|---|
| अवसर – गुरू पूर्णिमा<br>29 जुलाई, 2026 | अवसर – आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती<br>राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस<br>02 अगस्त, 2026 | अवसर – भारतीय अक्षय उर्जा दिवस<br>20 अगस्त, 2026 | अवसर – हिन्दी दिवस<br>हिन्दी पखवाडा<br>14 से 28 सितम्बर, 2026 |
| • गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूजनों का तिलक, श्रीफल से सम्मान<br>• भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में गुरू शिष्य परंपरा के महत्व पर व्याख्यान<br>• भारतीय ज्ञान परंपरा को दृष्टिगत रखते हुए गुरू शिष्य संबंधों पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन<br>• गुरू शिष्य परंपरा पर आधारित गीत एवं कविता का वाचन | • 'रसायन विज्ञान के क्षेत्र में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के योगदान' विषय पर व्याख्यान<br>• विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी<br>• आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा<br>• 'आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय का भारतीय विज्ञान और उद्योग में योगदान' विषय पर निबंध लेखन | • प्राचीन ग्रंथों में अक्षय उर्जा से संबंधित उपबंधों पर विषय विशेषज्ञ द्वारा उद्बोधन<br>• 'भारतीय ऋषि मुनियों द्वारा अक्षय उर्जा के उत्पादन एवं संरक्षण' विषय पर केन्द्रित लघु चल चित्र/चित्र प्रदर्शनी<br>• 'भारतीय ज्ञान परंपरा एवं अक्षय उर्जा' पर निबंध प्रतियोगिता<br>• उर्जा संरक्षण हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा संकल्प लिया जाए। | • भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित हिन्दी की पुस्तक प्रदर्शनी<br>• 'भारतीय ज्ञान परंपरा में हिन्दी भाषा एवं साहित्य की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता<br>• हिन्दी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले साहित्यकारों पर केन्द्रित व्याख्यान<br>• विद्यार्थियों के लिए हिन्दी भाषा एवं साहित्य पर केन्द्रित निबंध, वाद–विवाद, कविता पाठ, कहानी लेखन, आशु भाषण, सुलेख, श्रुतलेख, हिन्दी साहित्य एवं व्याकरण आधारित प्रश्नोत्तरी, सामान्य ज्ञान एवं अनुवाद प्रतियोगिता आदि आयोजित की जा सकती हैं। |

- त्रैमासिक गतिविधियों के आयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभूतियों/विषय विशेषज्ञों/स्थानीय विद्वानों को की–नोट स्पीकर के रूप आमंत्रित किया जाए।
- वीडियो के प्रदर्शन से पूर्व समिति गठित कर वीडियो का परीक्षण कराकर वीडियो का प्रदर्शन किया जाए।